तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 26 दिसंबर 2025

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4



क्रिसमस पर गिरिजाघरों में हुई विशेष प्रार्थना, की गई सुख शांति की कामना

## खबर संक्षेप

### अमित जोगी का प्रवास आज



**कोरबा।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी 26 दिसंबर को अपने एकदिवसीय प्रवास पर कोरबा पहुंच रहे हैं। सुबह 10 बजे श्री जोगी रायपुर से सड़क मार्ग होते हुए दोपहर 1 बजे कोरबा पहुंचेंगे। 1 घंटा कोरबा रेस्ट हाउस में रुकने के बाद दोपहर 2 बजे एसईसीएल के हेलीपैड में यूथ क्रिश्चन छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर शामिल होंगे। वहां से शाम 5 बजे श्री जोगी कोटा बिलासपुर के लिए रवाना हो जाएंगे।

### सतनाम भवन में आज होगा गुरुघासी जयंती समारोह

**हरदीबाजार।** परम पूज्य संत शिरोमणि गुरूघासीदास की 269वीं जयंती (गुरुपर्व) समारोह, सतनामी समाज हरदीबाजार के तत्वावधान में सतनाम भवन में 26 दिसंबर को मनाया जाएगा। सांय 5 बजे से रात्रि 12 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। आयोजन में ध्वजारोहण सायं 7 बजे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, अध्यक्षता मनोज बंजारे एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा, विशिष्ट अतिथि नरेश टंडन जिलाध्यक्ष छग सतनाम महासंघ कोरबा, मनीराम जांगड़े प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय सतनामी युवा कल्याण समिति, श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल जिला पंचायत उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य श्रीमती सनिता अनिल टंडन, सरपंच लोकेश्वर कंवर, सहित समिति के पदाधिकारी, सदस्य व सतनामी समाज हरदीबाजार उपस्थित रहेंगे।

### स्टेट वॉलीबॉल टूर्नामेंट में खेलेगी जिले की टीम

**कोरबा।** इस्पात नगरी भिलाई में राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित हो रही है जिसमें भाग लेने के लिए कोरबा जिला वॉलीबॉल टीम बालक एवं बालिका आज सुबह भिलाई रवाना हुई। बालिका टीम में सुषमा राज ठाकुर, रश्मि सिंह राजपूत, प्राची गर्ग, समीक्षा दास, नित्या सिंह कंवर, निप्ती पटेल, नंदा कंवर, अनिती चौहान, बबली पटेल, साइमा शेख, सृष्टि सिंह ठाकुर एवं रितिका लहरे शामिल हैं। जबकि बालक टीम में सोहम, विनय, सत्या, आकर्ष, गौरव, विरेंद्र, इशिर, मपास, शंभू, आदित्य, अंकित व राहुल रवाना हुए हैं। बालिका टीम का कोच सुमित सिंह एवं बालक का कोच सुशील गर्ग हैं। जिनके मार्गदर्शन ने खिलाडियों ने व्यापक तैयारी की है और भिलाई में अपने खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने को आतुर हैं।

### तबला कलाकार फणींद्र को मिला ताल गुंजन सम्मान



**कोरबा।** संगीत महोत्सव मधु गुंजन में प्रदेश के युवा कलाकार फणींद्र दुबे को उत्कृष्ट कला-साधना और प्रभाव शाली प्रस्तुति के लिए ताल गुंजन सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें भारतीय शास्त्रीय संगीत विशेष रूप से तबला वादन की क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए मिला है, कम उम्र में ही फणींद्र दुबे ने कठिन साधना, अनुशासन और निरन्तर अभ्यास के माध्यम से लय-ताल पर अद्भुत पकड़ स्थापित की है, उनके तबला वादन में तकनीकी शुद्धता के साथ साथ भावात्मक अभिव्यक्ति का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है, जो श्रोताओं और संगीत विशेषज्ञों को सामान रूप से प्रभावित करता है, फणींद्र दुबे अब तक अनेक राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी कला का प्रदर्शन कर चुके हैं, बाल्कोनगर कोरबा से अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तबलागुरु, तालमणि पण्डित मोरध्वज वैष्णवजी की होनहार शिष्य हैं।

# हरदीबाजार के मड़ाई मेला में आबकारी विभाग की जमकर रही बल्ले बल्ले, लाखों का हुआ कारोबार

## आम दिनों में दो से ढाई लाख की होती थी बिक्री, मेले में पहुंची 9 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

हरदीबाजार में हर साल मड़ाई का मेला आयोजन किया जाता है। इस साल भी हरदीबाजार में मड़ाई मेला आयोजित किया गया था, जहां आसपास लगभग 30 से अधिक गांव के लोग प्रतिदिन बधाई मेला में पहुंचते थे और मेला का जमकर आनंद उठाते थे। इस दौरान हरदीबाजार के देसी विदेशी शराब दुकान में भी खरीदी पूरे चरम पर रही और बिक्री सीधे चार गुना बढ़ गई थी, जिसे आबकारी विभाग की जमकर बल्ले बल्ले रही। इस दौरान विभाग ने लाखों का कारोबार किया है, धन मिसायी के उपरांत हर साल दिसंबर के महीने में हरदीबाजार में मड़ाई मेला का आयोजन किया जाता है पिछले कुछ दिनों से हरदी बाजार में मड़ाई मेला चल रहा था। इस साल के मड़ाई मेला में ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**

- हर साल दिसंबर के महीने में लगता है मड़ाई मेला
- पुलिस की भी रही चाकचौबंद सुरक्षा व्यवस्था



### करोड़ों का कारोबार होगा नए साल में

आबकारी विभाग के सूत्र बताते हैं कि थर्टी फर्स्ट और नए साल के दिन जिले के सभी देसी विदेशी शराब दुकानों में ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ेगी। 31 दिसंबर व नये साल को सेलिब्रेट करने के लोग अधिक से अधिक शराब की खरीदी करते हैं। इसे देखते हुए आबकारी विभाग ने अपने सभी देसी विदेशी शराब दुकानों में शराब के सभी रेंज का भरपूर स्टॉक भरने की तैयारी शुरू कर दी है। एक दो दिनों के भीतर सभी देसी विदेशी शराब दुकानों में अच्छे से अच्छे रेंज के शराब की खेप दुकानों तक पहुंच जाएगी, ताकि नये साल में ग्राहकों को डिमांड के अनुसार शराब मिल सके। बताया जाता है कि इस साल थर्टी फर्स्ट व नये साल में करोड़ों की शराब की बिक्री करेगा और अपने राजस्व में बढ़ोत्तरी करेगा इसके लिए आबकारी विभाग की टीम तैयारी में जुट चुकी है।

## पिछले वर्ष की तुलना में 24 हजार क्विंटल की हुई बढ़ोतरी

# धान खरीदी की लिमिट बढ़ने से किसानों को मिली राहत, 70 हजार क्विंटल की होगी खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान खरीदी की शुरुआत से लिमिट कम किए जाने के कारण लगातार धान बेचने से वंचित हो रहे किसानों के आक्रोश और बढ़ते दबाव को देखते हुए सरकार ने लिमिट बढ़ाने का निर्णय लेते हुए इसके आदेश भी जारी कर दिए हैं। जिले में अब प्रतिमाह 70 हजार क्विंटल धान की खरीदी समितियां कर सकेंगी। 24 हजार क्विंटल की वृद्धि हुई है।

**खास बात**

- डेढ़ माह तक लिमिट नहीं बढ़ने से धान बेचने से वंचित हो रहे थे किसान

15 नवंबर से धान खरीदी की शुरुआत हुई है तब से लेकर 20 दिसंबर तक धान खरीदी की लिमिट पिछले वर्ष की तरह ही थी। लिमिट नहीं बढ़ने के कारण किसान कई समितियों में धान नहीं बेच पा रहे थे। लिमिट की मात्रा समिति की खरीदी क्षमता के आधार पर निर्धारित की गई थी जिससे छोटी समितियों को 13 सौ क्विंटल की ही खरीदी कर पा रहे थे परिणाम स्वरुप किसान धान बेचने से वंचित हो जा रहे थे। ऑनलाइन टोकन काटने के दौरान समिति की लिमिट मात्रा तक जितना टोकन कट सकता था उतने ही टोकन काटे जाते थे जिसके कारण कई किसानों का टोकन ही नहीं कट पा रहा था। ऐसे किसानों के समक्ष उनका धान नहीं बिकने की समस्या खड़ी हो रही थी। चौतरफा दबाव पर सरकार ने लिमिट बढ़ाने का निर्णय लिया और जिले में इसका फायदा किसानों को 23 दिसंबर से मिलना शुरु हो गया है। बढ़ी हुई लिमिट के आधार पर टोकन कटने से किसानों को राहत मिली है। अब जिले की सभी 41 समितियां और 24 उपार्जन केंद्र सहित कुल 65 खरीदी केंद्र एक माह में 70 हजार क्विंटल धान की खरीदी कर सकेंगे। बीते वर्ष 46 हजार क्विंटल की खरीदी की जा सकती थी। बीते वर्ष की तुलना में 24 हजार क्विंटल की बढ़ोतरी हुई है।



### बड़ी समितियों में मारा मारी

जिले की भैसमा, करतला, बरपाली, हरदीबाजार, रामपुर, नवापारा जैसी बड़ी समितियों में धान बेचने के लिए मारा मारी मची हुई थी। जिन किसानों के टोकन लिमिट की मात्रा खत्म होने के पहले कट जाते थे वही किसान धान बेच पा रहे थे। ऑनलाइन टोकन की व्यवस्था के कारण ग्रामीण अंचल के दूरस्थ क्षेत्रों के किसानों को नेटवर्किंग की समस्या से जूझना पड़ रहा था और ऐसे ही किसानों के टोकन नहीं कट पा रहे थे। हालांकि समितियों में भी मैनुअल टोकन काटने की सुविधा पूर्व की तरह ही जारी है लेकिन किसान ऑनलाइन टोकन ही कटवा रहे थे।

### लिमिट की मात्रा बढ़ाई गई है

शासन के द्वारा धान खरीदने की जो लिमिट समितियों के लिए निर्धारित की गई थी उसे बढ़ा दिया गया है। सभी समितियों के लिए अलग अलग लिमिट की मात्रा निर्धारित की गई है। लिमिट बढ़ने से जिले में एक माह में 70 हजार क्विंटल धान की खरीदी हो सकेगी।

-घनश्याम कंवर
जिला खाद्य अधिकारी

# ट्रेलर की चपेट में आने से बाल बाल बचे बाइक सवार



दुर्घटनाग्रस्त मोटरसायकल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में तीन लोग हादसे में बाल-बाल बच गए। पहली घटना बालको थाना अंतर्गत दर्री मुख्य मार्ग डेम चौक के पास घटित हुई है। जहां एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने दो बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। वहीं एक मोपेड लूना पर मछली लेकर बेचने के लिए जा रहा था, उसे भी ठोकर मारते हुए बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में दोनों बाइक सवार बाल बाल बच गए। मोपेट सवार ने कहा कि बालको बालको का रहने वाला है। गुरुवार की सुबह मछली बेचने जा रहा था। इस दौरान लापरवाह ट्रेलर चालक ने उसे ठोकर मार दिया। मोपेट ट्रेलर के पहिए के नीचे आ गया और दोनों चक्के के पहिए के नीचे गिर गया, जहां ट्रेलर उसके ऊपर से गुजर गया। पहिए के नीचे आने से उसकी मौत हो सकती थी। वहीं एक बाइक सवार हेलमेट पहना हुआ था जहां टेलर की चपेट में आने से दूर जा गिरा। इस घटना के बाद राहगीरों की भीड़ लग गई। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं दूसरी घटना उरगा थाना क्षेत्र की है। यहां कनकी के पास बोरवेल वाहन ने बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया, जहां पहिए के नीचे बाइक आने से बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं युवक पहिए के नीचे आ गया था, किसी तरह चालक ने ब्रेक मारा और युवक इसकी चपेट में आने से बच गया। घायल युवक पंतोरा का रहने वाला है वह कोरबा किसी काम से आया हुआ था और काम निपटा कर वह घर जा रहा था। इस दौरान यह घटना घटित हुई। घटना की सूचना मिलते ही उरगा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए घायल को अस्पताल के लिए रवाना किया।

# रात के अंधेरे में शराब पीकर भर रहे थे फर्राटे, 22 लोगों पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पुलिस द्वारा आगामी क्रिसमस एवं नव वर्ष त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए जिले में विशेष सतर्कता एवं सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। उनके निर्देशों के परिपालन में कोरबा पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों, तेज गति, बिना हेलमेट एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। कोरबा पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के अंतर्गत निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले कुल 22 वाहन चालकों को पकड़कर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई। उक्त कार्यवाही यातायात नियमों के उल्लंघन पर अंकुश लगाने एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई। तेज गति, लापरवाही व खतरनाक ड्राइविंग से बचें। देर रात यात्रा के दौरान यातायात नियमों का पालन करें एवं पुलिस का सहयोग करें। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।

क्रिसमस एवं नववर्ष का उत्सव सुरक्षित, संयमित एवं जिम्मेदारी के साथ मनाएं। शराब पीकर वाहन न चलाएं, यह आपके और दूसरों के जीवन के लिए घातक हो सकता है। दोपहिया वाहन चालक हेलमेट अवश्य पहनें एवं चारपहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का प्रयोग करें।

# डीएमएफ से 22 सड़कों के निर्माण की पीडब्ल्यूडी ने शुरु की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण अंचलों की बड़ी और महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग ने टेंडर जारी करते हुए इसकी प्रक्रिया शुरु कर दी है। कुल 22 सड़कों का निर्माण पहले चरण में होगा। जिसका कार्य जल्द शुरु किया जाएगा। चिर्रा से श्यांग 12 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण इन्हीं 22 सड़कों में शामिल है।

फंड की कमी से जूझ रहे लोक निर्माण विभाग को डीएमएफ से फंड मिलने के बाद उसके कार्यों में तेजी आयी है। कई ऐसी महत्वपूर्ण सड़कें जिले के ग्रामीण अंचलों में हैं जो जर्जर हो चुकी थी। जिनका नवनिर्माण तो दूर मरम्मत के कार्य भी नहीं हो पा रहे थे जिसका खामियाजा दूर दराज के ग्रामीणों को भुगतना पड़ता था। इन सड़कों में कुछ ऐसी भी सड़कें थी जो बारिश में बह गइ थी। लगातार इन सड़कों के निर्माण को लेकर जनप्रतिनिधियों के द्वारा विभाग को प्रस्ताव दिया जाता रहा लेकिन शासन से फंड की स्वीकृति नहीं मिलने की वजह से सड़कों के निर्माण की प्रक्रिया शुरु नहीं हो सकी थी। तब जाकर डीएमएफ की शासकीय परिसद की बैठक में शामिल सदस्यों के द्वारा सड़क के निर्माण को लेकर राशि जारी करने का ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**

- टेंडर किए गए जारी, जल्द शुरु होंगे काम
- ग्रामीण अंचलों की बड़ी सड़कों का काम कराएगा विभाग



फाइल फोटो

### पीएम जन मन योजना की सड़कों पर शुरु हुआ काम

पिछड़ी संरक्षित जनजाति क्षेत्रों में सड़क निर्माण के प्रस्ताव को पीएम जन मन योजना में शामिल किया गया और प्राथमिकता के साथ इन क्षेत्रों में कार्य शुरु करने के लिए जब सर्वे किया गया तो 23 क्षेत्र ऐसे सामने आए जहां पहुंच मार्ग भी नहीं थे। ऐसे क्षेत्रों को प्रशासन के द्वारा प्राथमिकता से लेते हुए काम शुरु किया गया था। इस कार्य में पाली विकासखंड के ग्राम पंचायत शिवपुर में ही सड़क निर्माण का काम पूरा हुआ शेष 22 सड़कों का काम तकनीकी कारणों से नहीं हो पा रहा था। अब ऐसे क्षेत्रों में भी सड़क निर्माण के काम शुरु हुए हैं जिनमें कोरबा ब्लाक के डोकरमना, बड़मार, चिरईझुंझ, कुदरीचिंगर, औंराकछार, कदमझरिया, खम्होन आदि शामिल हैं।


## पुलिस की चप्पे चप्पे पर है पैनी नजर

# नए साल को लेकर पुलिस अलर्ट, निगरानी बदमाशों की लगाई परेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नए साल का जश्न जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है वैसे वैसे शहर में सरगर्मी बढ़ते ही जा रही है। थर्टी फर्स्ट को सेलिब्रेट करने के लिए शहर के विभिन्न स्थानों में तैयारी जोर शोर से शुरू हो चुकी है, तो वहीं दूसरी ओर पुलिस ने भी नए साल के जश्न में यदि कोई खलल मचाने की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी बख्शा नहीं जाएगा। थर्टी फर्स्ट को लेकर नगर कोतवाल ने शहर के गुंडा बदमाश व निगरानी बदमाशों की परेड लगाई और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश देकर शांति व्यवस्था बनाए रखने का फरमान जारी किया है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 अलविदा होने की ओर है। इस साल थर्टी फर्स्ट को शहर के विभिन्न स्थानों पर धूमधाम से सेलिब्रेट करने के लिए शहर के बड़े-बड़े होटलों और लॉन में तैयारी शुरू हो चुकी है, लेकिन 31 दिसंबर व नए साल के दौरान पुलिस की चाकचौबंद व्यवस्था रहेगी। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर नगर कोतवाल मोतीलाल पटेल द्वारा गुरुवार को शहर के गुंडा बदमाशों निगरानी बदमाशों को थाने में तलब किया गया और उनकी क्लास भी लगाई गई और उन्हें सख्ती से से फरमान जारी किया गया है कि वे नए साल के दौरान यदि कोई भी हंगामा करने की कोशिश की तो उसे बक्शा नहीं जाएगा और सीधे उसे जेल की हवा खानी पड़ेगी नगर कोतवाल ने सभी को फरमान जारी कर दिया है कि पिछले 5 दिनों तक लगातार उनके द्वारा थाने में हाजिरी लगाया लगानी होगी और खास तौर पर 31 दिसंबर के दिन उन्हें शांति व्यवस्था के साथ अपने-अपने घरों में ही रहने का फरमान जारी किया है। परेड के दौरान पुलिस के अन्य अधिकारी आरक्षक चन्द्रकांत गुप्ता, सुनील राजपूत सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



बदमाशों की क्लास लेते नगर कोतवाल।

# जिले में अलग-अलग घटनाओं में दो महिलाओं की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्र में दो महिलाओं की मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जान शुरू कर दी है। पहली घटना करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घिनारा निवास संत कुंवर 40 वर्ष पति सुखदेव राठिया की अचानक तबीयत बिगड़ने लगी। परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला मेडिकल अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक संत कुंवर की शुगर व बीपी अचानक बढ़ गई थी, जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। दूसरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रामसागरपारा की है। यह निवासरत नोनी बाई 70 वर्ष पति गल्ला रामचंद्र 17 दिसंबर को घर में सिगड़ी की चपेट में आ गई थी, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई थी। परिजनों की सहायता से उसे उपचार के लिए जिला मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था, जहां पिछले कई दिनों से उसकी उपचार चल रहा था। गुरुवार को इलाज के दौरान नोनी बाई की मौत हो गई है और मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव परिजनों के सुपूर्द कर दिया है। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### चाकू लहराकर दहशत मचाने वाला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चाकू लहराकर दहशत मचाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोनी पुलिस को सूचना मिली तुर्काडीह चौक में एक युवक चाकू लहराकर दहशत मचा रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर घुटकू निवासी राहुल यादव पिता दिनेश यादव 20 साल को पकड़कर चाकू बरामद कर लिया है। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### घर के सामने खड़ी दो कार को मारी टक्कर

**बिलासपुर।** बीती रात खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाते हुए कार सवार ने सब्जी व्यापारी की दो कारों को टक्कर मार दी, जिससे उनकी दोनों कार क्षतिग्रस्त हो गई हैं। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सिंधी कालोनी निवासी थोक सब्जी व्यापारी राकेश वाधवानी पिता तिरथ दास वाधवानी 24 दिसंबर की रात अपनी होण्डा अमेज क्रमांक सीजी 10 बीक्यू, 8198 एवं हुंडई क्रेटा कमांक सीजी 10 बीजे, 8198 घर के बाहर सड़क किनारे साइड में खड़े किया था। रात 12.30 बजे गणेश चौक की ओर से जा रही कार क्रमांक सीजी 04 एलजेड़, 3100 के चालक ने तेज गति से चलाते हुए उनकी दोनों कारों को टक्कर मार दी। टक्कर मारने वाले कार की नम्बर प्लेट वहीं टूट गिरा हुआ था। एक्सीडेंट की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने श्री वाधवानी की रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### कर्मचारी फेडरेशन की हड़ताल 29 से

**बिलासपुर।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का तीन दिवसीय निश्चित कालीन हड़ताल 29 दिसंबर से प्रारंभ किया जा रहा है। फेडरेशन जिला शाखा बिलासपुर के महासचिव किशोर शर्मा ने बताया कि आगामी प्रांतीय निकाय के आह्वान पर तीन दिवसीय निश्चित कालीन हड़ताल 29 से 31 दिसंबर तक होना है। इसमें जिले के सभी कर्मचारियों अधिकारियों की व्यापक सहभागिता करने फेडरेशन के पदाधिकारी के द्वारा मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय, नई कंपोजिट बिल्डिंग, श्रम विभाग, फर्म्स समिति, स्थानीय निधि सम परीक्षा, कोष एवं पेंशन विभाग, उद्योग एवं व्यापार, ग्रामीण एवं शहरी निवेश, प्रशिक्षण केंद्र, जिला कोषालय, जिला पंचायत में संपर्क किया गया। संपर्क अभियान के दौरान कार्यालय के कर्मचारी एवं अधिकारियों ने हड़ताल का स्वागत करते हुए उत्साह के साथ प्रदर्शन में शामिल होने की सहमति दी। संपर्क अभियान के क्रम में कल पदाधिकारी के द्वारा पुराने कंपोजिट बिल्डिंग एवं शहर के अन्य कार्यालयों तथा अरपा पार, सरकंडा के सभी कार्यालय में संपर्क किया जाएगा। आज के संपर्क अभियान में जी आर चंद्रा, रोहित तिवारी, किशोर शर्मा, राजेश पांडे,अरुण पांडे, रमेश तिवारी, सुनील यादव, राजेश्वर वस्त्रकार,देवेंद्र ठाकुर आदि शामिल थे।

### लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन 31 जनवरी तक

**बिलासपुर।** प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला बिलासपुर द्वारा आगामी लेखा प्रशिक्षण सत्र मार्च से जून 2026 तक के लिए आवेदन 1 जनवरी से 31 जनवरी तक मंगाए गए हैं। बिलासपुर संभाग अधिनस्थ समस्त कार्यालय प्रमुखों से अपेक्षा है कि वे कार्यालय में पदस्थ लिपिक वर्गीय कर्मचारी जिन्होनें तीन वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके, लेखा प्रशिक्षण हेतु इच्छुक लिपिक वर्गीय कर्मचारियों का निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला न्यू कम्पोजिट बिल्डिंग, तृतीय तल बिलासपुर को प्रेषित करें। आवेदन पत्र इस प्रकार भेजने की व्यवस्था करें कि 31 जनवरी तक निर्धारित कार्यालयीन समय में इस कार्यालय को प्राप्त हो जाये। पूर्व में आवेदन कर चुके सभी कर्मचारियों को भी इस सूचना के प्रकाशन उपरांत प्रवेश हेतु पुनः आवेदन करना अनिवार्य है।

---

**उपभोक्ता फोरम में ही 200 मामले दायर** | कंपनियों की कई शर्तों के कारण परेशान उपभोक्ता पहुंच रहे हैं न्यायालय तक

# इलाज के भारी खर्च से बचने हेल्थ इंश्योरेंस, लेकिन छह सालों में इससे जुड़ी शिकायतें दोगुनी

**बिनासपुर।** देश में हेल्थ इंश्योरेंस को लेकर जागरूकता पहले से कहीं ज्यादा बढ़ी है, खासकर कोविड के बाद। लोग इलाज के भारी खर्च से बचने के लिए पॉलिसी तो ले रहे हैं, लेकिन इसके साथ ही शिकायतों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है।




कंपनियों की कई शर्तों के कारण परेशान उपभोक्ता न्यायालय तक पहुंच रहे हैं। पिछले छह सालों में हेल्थ इंश्योरेंस से जुड़ी शिकायतें लगभग दोगुनी हो चुकी हैं। 2025 में स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों में करीब 62 फीसदी पॉलिसियां छोटे, कस्बाई इलाकों और ग्रामीण इलाकों में बिकी हैं। हालांकि बीमा के नाम पर भरोसा देकर ग्राहकों को जोड़ने वाली कंपनियां जब मुसीबत की घड़ी में पीछे हटती हैं, तो लोगों को न्याय की आस लेकर उपभोक्ता फोरम का रुख करना पड़ता है। बिलासपुर उपभोक्ता फोरम में स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के खिलाफ 200 से अधिक याचिकाएं दाखिल की गई हैं। इसमें अकेले स्टार हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी पर 100 मामलों में बीमा क्लेम में गड़बड़ी के गंभीर आरोप लगे हैं। हेल्थ इंश्योरेंस और लाइफ इंश्योरेंस पर लगने वाला पूरा 18% जीएसटी खत्म कर दिया गया है। उदाहरण के लिए, अगर आपका सालाना प्रीमियम 20,000 रुपए था तो आपको 23,600 रुपए चुकाने पड़ते थे। अब यह घटकर सीधा 20,000 रुपए ही रह जाएगा। यानी प्रीमियम पर टैक्स का बोझ पूरी तरह खत्म हो गया है।

इधर शिकायतों की संख्या बढ़ती जा रही है। कुल शिकायतों में हेल्थ इंश्योरेंस का हिस्सा लगभग 80 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। कुछ मामलों में इलाज के दौरान हॉस्पिटल और बीमा कंपनियों के बीच सेटलमेंट प्रक्रिया जटिल हो जाती है। नेटवर्क हॉस्पिटल बदलने या कैशलेस से रीइंबर्समेंट मोड में जाने पर क्लेम अटक सकता है। इस सेटलमेंट स्वैपिंग के कारण मरीज को इलाज के बाद लंबे समय तक पैसे का इंतजार करना पड़ता है, जिससे शिकायतें बढ़ती हैं।

### 100 से अधिक याचिकाएं दाखिल

इधर जिला उपभोक्ता फोरम में स्टार हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी के खिलाफ 100 से अधिक याचिकाएं दाखिल की गई हैं। अपोलो अस्पताल की डॉ. दास सहित कई उपभोक्ताओं ने कंपनी पर बीमा लाभ न देने का आरोप लगाया है। सुनवाई के बाद उपभोक्ता फोरम ने डॉ. दास के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कंपनी को 2 लाख रुपये मुआवजा और वाद खर्च 45 दिनों के भीतर अदा करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही एक अन्य मामले में भी फोरम ने कंपनी को 1 लाख रुपये मुआवजा और वाद खर्च देने का निर्देश दिया है। उपभोक्ताओं का कहना है कि, बीमा कंपनियां आकर्षक ऑफर देकर ग्राहकों को जोड़ती तो हैं, लेकिन जब लाभ देने की बारी आती है, तो वे पीछे हट जाती हैं। इससे असंतुष्ट होकर कई उपभोक्ताओं को फोरम का दरवाजा खटखटाना पड़ता है।

### यह हैं सबसे आम शिकायतें

हेल्थ इंश्योरेंस में सबसे ज्यादा शिकायतें क्लेम से जुड़ी होती हैं। कई मामलों में क्लेम की रकम पूरी नहीं मिलती या फिर किसी न किसी वजह से क्लेम खारिज कर दिया जाता है। अक्सर कंपनियां यह कहती हैं कि इलाज की जरूरत नहीं थी, हॉस्पिटल में भर्ती होना जरूरी नहीं था या फिर इलाज ओपीडी में हो सकता था। कई बार मेडिकल हिस्ट्री पूरी तरह न बताने के आधार पर भी क्लेम रिजेक्ट हो जाते हैं। पुरानी बीमारी का हवाला देकर भी क्लेम नहीं दिया जाता।

### इंश्योरेंस की पॉलिसी में इन बातों का रखें ध्यान

बीमा सलाहकार ध्रुव अग्रवाल बताते हैं कि हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी कवर का फायदा तभी मिलता है, जब अस्पताल में भर्ती होना पड़े। आमतौर पर आउटपेशेंट खर्च जैसे मामूली घाव का इलाज पॉलिसी से कवर नहीं होता है। अगर यह घटना किसी गंभीर चोट में बदल जाती है, तो क्रिटिकल इलनेस कवर या ऐड ऑन भी मददगार हो सकता है। इस तरह के क्लेम के लिए पुलिस रिपोर्ट (एफआईआर) या दूसरे कानूनी दस्तावेजों की जरूरत पड़ती है। लिहाजा कोई कानूनी दस्तावेज हो, उसे संभालकर जरूर रखें। जब भी आप कोई हेल्थ इंश्योरेंस लें उसके नियम और शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें।

---



छठ घाट से मोपका जाने वाली सड़क पर राखड़ से भरा हाइवा अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराया।

---

**ईदगाह चौक पर 25 सालों से चल रहा फूल बाजार यहीं शिफ्ट होगा**

# 26 लाख में व्यापार विहार में बना सब्जी बाजार पांच साल से वीरान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के ईदगाह चौक पर पिछले 25 सालों से चल रहे फूल बाजार को व्यापार विहार में शिफ्ट किया जा रहा है। पांच साल पहले जहां पौनी पसारी योजना के तहत 26 लाख में सब्जी बाजार स्थापित किया गया था, वह वीरान हो गया है। फूल बाजार यहीं लगाया जाएगा।

निगम इसके लिए शेड, पार्किंग और दूसरी व्यवस्था कर रहा है। इधर व्यापारियों का कहना है कि यहां की 31 दुकानें और 400 से अधिक कारीगरों की आजीविका फूलों के इस व्यवसाय से जुड़ी है। यदि सुविधाओं के साथ नया बाजार मिलता है, तो वे शिफ्ट होने के लिए तैयार हैं। व्यापारी जगह को स्थायी भी नहीं मान रहें हैं इसे वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर देखा जा रहा है। व्यापारियों का कहना है कि निगम कोई व्यवस्था नहीं बना पा रहा है। कोई भी जगह जो कि शहर के बीच में हो वहां गुमटी बनाकर स्थायी तौर पर दे दी जाए तो वे लोग जाने को तैयार हैं। इस तरह से बार-बार हटाना सही नहीं है। ध्यान रहे कि शहर में फूलों का व्यवसाय शहर में तेजी बढ़ा है। खास तौर पर जेल चौक की 30 से अधिक दुकानों में सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक रौनकता रहती है। ग्राहकों को उनके मनपसंद फूलों के साथ- साथ बेलपान, दुबी के धतुरा व बेल फल भी उपलब्ध हो जाते हैं।

### निगम स्थायी व्यवस्था नहीं कर पा रहा

जेल चौक में फूल बाजार 2001 से लगना शुरू हुआ है। निगम ने बाद में इसे मिशन अस्पताल के पीछे जेल चौक वाले रास्ते में शिफ्ट करने का फैसला लिया था। तब से लेकर इस जगह पर 31 व्यापारी लगातार अपनी दुकानें लगाते हैं। यहां कारोबार करने वाले राशि माली, विजय साहू और रतन कश्यप ने बताया कि निगम कोई भी स्थायी व्यवस्था नहीं कर पा रहा है। जेल चौक में दुकानें स्थापित हो गईं हैं और शहर ही नहीं आसपास के लोग यहां फूल, माला लेने पहुंचते है। अब अचानक से दूसरी जगह पर भेजा जाना सही नहीं है।

### सुविधाजनक और व्यवस्थित तो हटने को तैयार

फूल व्यापारी राजकुमार यादव ने बताया कि यह मार्केट 25 साल पुराना है और यहां फूलों की 31 दुकानें हैं। इस जगह से हमें काफी ज्यादा लगाव हो गया है, क्योंकि वर्षों से हमारे ग्राहक इन्हीं स्थानों पर आकर खुशी-खुशी फूल खरीदकर ले जाते हैं। इसलिए इस जगह से दूर नहीं होना चाहते हैं, लेकिन प्रशासन का सहयोग करना भी जरूरी है। संघ के अध्यक्ष रॉकी सैनी और अन्य व्यापारियों ने निगम से व्यवस्थित दुकानें, पार्किंग और सामुदायिक शौचालय जैसी सुविधाओं की मांग की है। उनका कहना है कि पार्किंग की कमी के कारण जाम की समस्या होती है। दूल्हा गाड़ी और ग्राहकों की गाड़ियां सड़क पर खड़ी रहती है। फूल बाजार में काम करने वाले 400 से अधिक कारीगर और श्रमिक अपनी आजीविका इसी व्यवसाय से चलाते हैं। व्यापारियों का कहना है कि यदि नया बाजार सुविधाजनक और व्यवस्थित होगा, तो वे निगम द्वारा तय शुल्क देने के लिए भी तैयार हैं. पुरानी दुकानों की स्थिति जर्जर हो चुकी है, इसलिए नई और व्यवस्थित दुकानों की मांग भी उठाई गई है।

### सुविधा दिलाने का हो रहा प्रयास

रिवर व्यू में फूल बाजार लगाए जाने की योजना थी, लेकिन यहां दिन भर गाड़ियों की आवाजाही रहती है, इसलिए व्यापार विहार में जहां पौनी पसारी योजना के तहत सब्जी व्यापार स्थापित किया गया था, वहां फूल बाजार को शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है। यहां पार्किंग के साथ ही दूसरी व्यवस्थाएं बेहतर हैं। निगम व्यापारियों को हरसंभव सुविधा दिलाने के लिए प्रयासरत है।

\- खजांची कुम्हार, अपर आयुक्त

---

**मित्तल फैक्ट्री में भीषण आग**

# मृत कर्मचारी के कंकाल का किया गया पोस्टमार्टम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शार्टसर्किट से मित्तल फर्नीचर फैक्ट्री में भड़की आग की चपेट में आए दो कर्मचारियों की आग से जलकर मौत होने गई थी। घटना के तीसरे दिन फैक्ट्री में मिले मृत कर्मचारी के कंकाल का पोस्टमार्टम कराया गया है। तीन दिन बीत जाने के बाद भी जांच टीम गठित नहीं हुई है। एक तरह से मामले जांच धीमी गति से चल रही है। अब तक केवल मृतक के भाई सहित पांच लोगों का बयान दर्ज किया गया है।

23 दिसंबर को दोपहर 3 बजे सिरगिट्टी सेक्टर बी स्थित मित्तल फर्नीचर के फैक्ट्री में शार्टसर्किट होने से चिंगारी निकली, तारपीन तेल में चिंगारी गिरने से भीषण आग लग गई थी। भागते समय आग की चपेट में आकर कर्मचारी तिफरा निवासी अभिजीत उर्फ आयूष सूर्यवंशी की मौत हो गई थी। वहीं दूसरा कर्मचारी भवानी नगर निवासी रितेश शुक्ला गंभीर रूप से झुलस गया था। जिसकी रायपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई थी। गुरूवार को फैक्ट्री के अंदर मिले मृत कर्मचारी के कंकाल का पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया गया है। भीषण आगजनी में दो कर्मचारियों की मौत हो गई है और मामले की जांच धीमी गति से चल रही है। अब तक केवल मृतक के भाई सहित पांच लोगों को बयान दर्ज किया गया है। मजेदार बात यह है की मामले की जांच को कोई पुलिस टीम नहीं बनाई गई है।


फर्नीचर फैक्ट्री में लगी भीषण आग, भागते समय गिरने से एक कर्मचारी की मौत, दूसरा झुलसा

### निकली थी चिंगारी

टीआई किशोर केंवट ने बताया, मृतक अभिजीत सूर्यवंशी के भाई आशीष सूर्यवंशी ने अपने बयान में कहा है वे सभी फैक्ट्री में काम कर रहे थे। मोटर बोर्ड को चालू करने पर शार्टसर्किट होने से चिंगारी निकली और तारपीन तेल में गिरने से आग ने भीषण रूप ले लिया था।

### था ज्वलनशील पदार्थ

फैक्ट्री के अंदर टेंकर व डिब्बों में भारी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ खुला में रखा हुआ था। जिससे आग ने भयकर रूप ले लिया था। फैक्ट्री के अंदर सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम नहीं किया गया था।

### मर्ग कायम किया गया

फैक्ट्री के आग लगने से दो कर्मचारियों के मौत के मामले में सिरगिट्टी पुलिस ने आगजनी व मर्ग कायम कर जांच कर रही है। कर्मचारियों का बयान दर्ज किया जा रहा है। विशेष रूप से जांच टीम का गठन नहीं हुआ है।

\-निमितेश सिंह परिहार, सीएसपी

---

### दो सांड लड़ते हुए बाइक सवार बुजुर्ग के ऊपर चढ़े



**बिलासपुर।** दो सांड बीच सड़क पर लड़ते हुए बाइक सवार बुजुर्ग के ऊपर चढ़ गए, जिससे उनका पैर फैक्चर हो गया है। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। तखतपुर बेलपान ठाकुरकांपा निवासी मिथुन लाल ध्रुव ने बताया, गुरूवार की सुबह उनके पिता बसंतलाल ध्रुव 75 साल बाइक से निमंत्रण देने धौरापाली गए थे। वापस लौटते समय धौरापाली मार्ग के बीच सड़क पर दो सांड लड़ते हुए उनकी बाइक पर चढ़ गए। जिससे उनका एक पैर फैक्चर हो गया है। सूचना मिलने पर परिजन घायल पिता को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

---

# पुरानी रंजिश में पड़ोसियों के बीच जमकर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुरानी रंजिश में दो पड़ोसियों के बीच जमकर मारपीट हो गई है। एक पक्ष पर तलवार व स्टिक से जानलेवा हमला कर दिया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, टिकरापारा महाराष्ट्र मण्डल गली निवासी आशुतोष सिंह पिता स्व. विजय सिंह रेलवे में ठेकेदारी का काम करते हैं। 4 साल पूर्व उनका पड़ोसी भट्टाचार्य परिवार से विवाद हो गया था। उसके बाद उनके बीच बातचीत नहीं हो रही थी। 24 दिसंबर को रात 9 बजे घर के सामने में स्कूटी में वे अपने दोस्त बादल राय के साथ बैठे थे। इसी दौरान ऋषिकेश भट्टाचार्य, उसके पिता जी राजेशचंद्र उसका छोटा भाई मितेश भट्टाचार्य आए और पीछे से आशुतोष का कंधा पकड़कर मारपीट करने लगे। उनके दोस्त बादल राय ने बीच बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट की गई। उनके चाचा मृत्युजय सिंह, बड़े भाई दिव्यदीप सिंह ने बीच बचाव किया तो तीनों ने मिलकर कार से तलवार व हाकी स्टिक, बेसबाल से जानलेवा हमला कर दिया। दूसरे पक्ष से टिकरापारा निवासी ऋषिकेशचंद्र भट्टाचार्य ने आरोप लगाया है कि वे अपने पिता व भाई के साथ बाजार से आकर अपनी कार को घर के पास पार्क कर रहे थे। उन्हें देखकर आशुतोष सिंह गाली गलौज करने लगा। मना करने पर वह उत्तेजित होकर गाली देने लगा। इतने में अजय सिंह उसके लड़के व अन्य लोग आए और एकराय होकर उनके पिता जी राजेशचंद्र भट्टाचार्य के साथ मारपीट करने लगे। वे परिवार के साथ बीच बचाव करने लगे तो उनके साथ मारपीट कर पथराव किया गया है, जिससे उनकी कार का शीशा, घर के कांच टूट गए हैं। पुलिस ने आशुतोष सिंह की रिपोर्ट पर ऋषिकेश भट्टाचार्य, राजेशचंद्र, मितेश भट्टार्चा के खिलाफ 115, 2, 296, 3, 5, 351 व 25, 27 आर्म्स एक्ट व ऋषिकेशचंद्र की रिपोर्ट पर आशुतोष सिंह, अजय सिंह, उसके लड़के व अन्य लोग के खिलाफ 115, 2, 296, 3, 5, 351,2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

---

# वन भूमि में अवैध रेत खनन 5 ट्रैक्टर ट्रालियां जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



- वन विकास निगम ने की कार्रवाई

वन विकास निगम ने मुखबिर की सूचना मिलने के बाद वन भूमि की जमीन पर अवैध रेत खनन करने के दौरान 5 ट्रैक्टर और ट्रालियों को जब्त करने के बाद वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार वन विकास निगम की प्रोजेक्ट रेंज भैंसाझार और उड़नदस्ता टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि कलमीटार बीट के कम्पार्टमेंट नम्बर पीएफ 1586 में बिना अनुमति के रेत का उत्खनन किया जा रहा है। सूचना मिलने के बाद विभाग के डिवीजनल मैनेजर के निर्देश पर प्रोजेक्ट रेंजर वैभव साहू के नेतृत्व में वन विकास निगम और उड़नदस्ता की टीम तत्काल मौके पर पहुंची, जहां टीम ने अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रही पांच ट्रैक्टर ट्रालियों को जब्त करने के बाद उत्खनन किए गए रेत को भी कब्जे में ले लिया। टीम ने जब्त वाहनों को सुरक्षित अभिरक्षा में रखने के बाद मौके पी ही पीओआर प्रकरण तैयार किया। इस दौरान वन विकास निगम ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 के तहत कार्रवाई शुरु कर दी है। वन विकास निगम के वन मंडलाधिकारी के अनुसार वन क्षेत्र में अवैध खनन से पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुंचती है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। विभाग की ओर से स्पष्ट किया गया है कि इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। ग्रामीणों एवं वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे नियमों का पालन कर किसी भी अवैध खनन या वन अपराध की सूचना तत्काल विभाग कों दें, ताकि वन संपदा का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

---

# पीएम आवास का पैसा दिलाने का झांसा देकर बुजुर्ग महिला से जेवर की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पीएम आवास का पैसा दिलाने का झांसा देकर बाइक सवार दो युवक बुजुर्ग महिला से सोने की माला ठगी कर फरार हो गए। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।



सिविल लाइन थाना के एसआई विष्णु साहू ने बताया कि सीपत क्षेत्र के ग्राम पंधी निवासी जानकी भट्ट पति दशरथ भट्ट 61 काम से कवर्धा गई थीं। बुधवार की दोपहर 3 बजे बस वे महाराणाप्रताप चौक आईं। वे बस से उतरकर खड़ी हुई थीं, इसी दौरान बाइक सवार दो युवक आए और उन्हें बताया उनका पीएम आवास का 2.50 लाख स्वीकृत हो गया है। बैंक जाने पर वे पैसा निकलवाकर देंगे। बुजुर्ग महिला उनकी बातों में आकर उनकी बाइक में बैठ गई। दोनों युवक महिला को बैठाकर घुमाते रहे और एक बैंक के पास ले जाकर एक युवक अंदर गया और कुछ देर बाद बाहर निकलकर कहा गुरूवार की सुबह 10 बजे पैसा निकलेगा। दोनों उसे लेने के लिए उसके घर आएंगे। वे अमानत के तौर पर रखाने के लिए उनसे पांच फर वाला सोने की माला लेकर निकल गए। महिला आटो पकड़कर गांव चली गई।

गुरूवार की सुबह वे दोनों युवकों के आने का इंतजार कर रही थीं। दोनों युवकों के नहीं आने पर उन्हें ठगी का अहसास हुआ। बुजुर्ग महिला ने सिविल लाइन थाने आकर रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात दो लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

---

# सूने मकान में घुसे चोर, पकड़े जाने के डर से निकल भागे

**कोसमंदा।** सूने मकान का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने टुल्लू पंप को चोरी करने का प्रयास किया। इस दौरान घर में लोगों को आते देख चोर भाग निकले। मामला चांपा थाना क्षेत्र के ग्राम कोसमंदा का है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चांपा थाना क्षेत्र के कोसमंदा मेंन रोड किनारे आंगनबाड़ी सहायिका लीला बाई रहते हैं। उनके पुत्र राम अवतार गांव में मिस्त्री मजदूरी का काम करता हैं। अज्ञात चोरों द्वारा कई बार चोरी करके आसपास के पंपो को भी चुरा ले गये। अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं लगा। अज्ञात चोर पंप चुरा करके ले जाने अधूरे प्रयास करके छोड़ दिया। दिन के समय 11 बजे चोरी करने का प्रयास किया मगर पकड़े जाने के डर से पंप छोड़कर भाग गये अपनी जान बचाकर भाग गया। जैसे ही राम अवतार अपने घर आया और मामले की सूचना थाने में दी। अज्ञात चोर के खिलाफ शिकायत करने की बात कह रहे है।

## खबर संक्षेप



### जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन

**कोरबा।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती के अवसर पर प्रशासन गांव की ओर योजना के तहत सरकार ने इस सप्ताह की सुशासन सप्ताह के रूप में मनाने का संकल्प लिया गया है। इस योजना के तहत जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में बुधवार को ग्राम पुरैना में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विभाग के अधिकारियों द्वारा जनता की समस्या सुनी और समस्या का समाधान किया गया। इस शिविर में 101 आवेदन प्राप्त हुआ था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती अशोका कंवर अध्यक्ष जनपद पंचायत करतला,उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिले से संबंधित समस्त विभागों जैसे राजस्व, खाद्य, जनपद, महिला एवं महिला बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग ,कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, श्रम विभाग, सहित अन्य विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों को दी गई अलग-अलग विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों में चल रहे योजनाओं की विस्तृत जानकारी शिविर में पहुंचे ग्रामीणों को प्रदान किया गया।

### परिवार चौपाल से बदलेगा सामाजिक व्यवहार, स्वास्थ्य पोषण को मिलेगी नई दिशा



**कोरबा।** जिले में समुदाय आधारित स्वास्थ्य, पोषण एवं लैंगिक समानता को सशक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा एक अभिनव पहल परिवार चौपाल की शुरुआत की गई है। इस पहल का उद्देश्य सामुदायिक स्तर पर भोजन, पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़ी प्रथाओं को मजबूत करना तथा लैंगिक समावेशन को प्रभावी ढंग से लागू करना है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार नाग की अध्यक्षता में बुधवार को जिला पंचायत के सभागार में महिला स्व सहायता समूहों एवं बिहान कैडर के सदस्यों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को खेल-आधारित गतिविधियों, सहभागितामूलक अभ्यासों एवं संवादात्मक सत्रों के माध्यम से परिवार चौपाल की अवधारणा से अवगत कराया गया।

### कलेक्टर ने ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का किया त्रैमासिक निरीक्षण

**कोरबा।** कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत द्वारा आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ई.वी.एम. एवं वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में रखी गई ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, रिकॉर्ड, रख-रखाव, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था तथा प्रवेश नियंत्रण प्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि वेयरहाउस परिसर में सुरक्षा मानकों का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित किया जाए तथा निर्वाचन से संबंधित उपकरणों के रख-रखाव और दस्तावेजीकरण में पारदर्शिता बनाए रखी जाए। कलेक्टर श्री दुदावत ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वेयरहाउस परिसर की साफ सफाई, सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता एवं मशीनों की स्थिति का समय-समय पर परीक्षण किया जाए। उन्होंने सभी अभिलेखों एवं मशीनों की स्थिति का परीक्षण कर आवश्यक सुझाव भी दिए। इस दौरान कलेक्टर ने उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी वेयरहाउस संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी प्रदान की।

उद्योग मंत्री के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर की अध्यक्षत में आयोजित हुआ सुशासन दिवस कार्यक्रम

# अटल ने बनाया छत्तीसगढ़, मोदी इसे संवार रहे: लखन



अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते उद्योग मंत्री, महापौर, जिलाध्यक्ष व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया और अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छत्तीसगढ़ को संवारने का काम कर रहे हैं। अटल के संबंध में जितना भी कहा जाए, वह कम है। उन्होंने अपने सम्पूर्ण राजनीतिक जीवन में कभी भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। वे एक ऐसे महान व्यक्तित्व के स्वामी थे, जिनका सम्मान विपक्षी नेता भी करते थे तथा देश का हर वर्ग उनकी कार्यशैली, उनके आचरण व उनके सिद्धांतों का कायल था।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने सुशासन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व.अटलबिहारी बाजपेयी की 101वीं जयंती पर आज जिला प्रशासन व नगर निगम द्वारा विवेकानंद उद्यान के सामने स्थित अटल परिसर में सुशासन दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने की। कार्यक्रम में सभापति नूतन सिंह ठाकुर, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, प्रभारी कलेक्टर व निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय सहित निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण व पार्षद उपस्थित थे। वहीं राजधानी रायपुर में आयोजित सुशासन दिवस समारोह के लाईव प्रसारण में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा दिए गए अभिभाषण का श्रवण भी अतिथियों व नागरिकों के द्वारा किया गया। उपस्थितजन राजधानी रायपुर के उक्त सम्पूर्ण आयोजन में आनलाईन रूप से शामिल भी हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि आज अत्यंत शुभ दिन है, अटल की जन्मजयंती के दिन आज प्रदेश के 115 शहरों में अटल परिसर का लोकार्पण हुआ है, उन्होंने कोरबा में निर्मित अटल परिसर की सराहना करते हुए कहा कि निश्चित रूप से यह सर्वश्रेष्ठ अटल परिसर है। डॉ.रमन सिंह ने अपने मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल में प्रदेश के गांव-गांव में अटल चैक का निर्माण कराया था और अब मुख्यमंत्री श्री साय व उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव प्रदेश के सभी शहरों में अटल परिसर का निर्माण कराया है।

### अटल ने स्थापित किए महान आदर्श

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि आज का दिन एक ऐसे जन नेता की जन्मजयंती का दिन है, जिन्होंने अपने महान आदर्शों को स्थापित किया तथा इन आदर्शो पर अडिग रहे। उनकी जयंती को हम सुशासन दिवस के रूप में मनाते हैं। आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम द्वारा विगत 19 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक अपने सभी 7 जोन कार्यालयों में आयोजित किए गए गुड गवर्नेस वीक शिविरों के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि इन शिविरों में कुल 618 आवेदन प्राप्त हुए, इनमें से जिन आवेदनों व समस्याओं का तत्काल निराकरण संभव था, ऐसे 162 आवेदन तत्काल निराकृत किए गए, शेष 456 आवेदन पत्र विभिन्न समस्याओं व मांग से संबंधित हैं, जिन्हें आवश्यक प्रक्रिया में लेकर समयसीमा में उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

### बोईदा में सुशासन दिवस पर अटल डिजिटल भवन का किया गया उद्घाटन



ग्राम पंचायत बोईदा में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती और सुशासन दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अटल डिजिटल भवन का उद्घाटन था, जिसे विधायक प्रतिनिधि दुष्यंत शर्मा और सरपंच संजय राज ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन अवसर पर विधायक प्रतिनिधि दुष्यंत शर्मा ने कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन ईमानदारी, राष्ट्रभक्ति और जनसेवा का प्रेरणास्रोत है। उन्होंने यह भी बताया कि सुशासन दिवस के माध्यम से शासन की योजनाओं को सीधे जनता तक पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है। सरपंच संजय राज ने ग्रामवासियों से सहयोग और सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि अटल डिजिटल भवन के माध्यम से जनता को डिजिटल सुविधाओं का लाभ आसानी से मिलेगा। कार्यक्रम में जनपद सदस्य अंजनी कौशल श्रीवास, जनक राम पटेल, रामनारायण पटेल, उमेंद सिंह मरावी, चुन्नी लाल पटेल, पंच मनीष पटेल, लंबोदर कंवर, कुमेद सिंह, शांति लाल मरार, कलेश राम, मनोज कुमार मरार, शिवप्रकाश मरावी, वरूणेश्वर मरावी, अंजनी बाई, सुदामा जगत, चम्पा बाई मरार, माधुरी मरार, रविता गोड़, भुनेश्वरी पटेल, अहिल्या बाई, गंगोत्री बाई सहित कई स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### मरीजों को अटल जयंती पर बांटा गया कंबल

छत्तीसगढ़ के निर्माता देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई के जयंती के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के तहत नगर पालिका परिषद दीपका के वरिष्ठ पार्षद पीआईसी सदस्य अरुणीश तिवारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दीपका में भर्ती मरीजों को ठंड के इस मौसम में कंबल दान करते हुए कहा कि श्रद्धेय अटल सदैव राजनीति को सेवा और परोपकार का माध्यम माना और उन्होंने कहा कि पार्टियां बनेगी बिगड़ेगी सरकारें बनेगी बिगड़ेगी लेकिन देश रहना चाहिए। लोकतंत्र रहना चाहिए इसलिए राजनीति को सेवा का माध्यम मानकर उन्होंने देश और देशवासियों के लिए सदैव कार्य किया। उनसे प्रेरणा लेकर आज लोगों को राजनीतिक सुचिता स्थापित कर कार्य करने की जरूरत है। इस अवसर पर पार्षद अरुणीश तिवारी के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व एल्डरमैन पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवचरण राठौर, पूर्व पार्षद उत्तम दुबे, हेमचंद सोनी, वरिष्ठ श्रमिक नेता बूथ अध्यक्ष बनवारी लाल चंद्रा, संघ परिवार के नितेश शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।





### अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का किया गया लोकार्पण

नगर पालिका परिषद् दीपका द्वारा भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री एवं प्रख्यात राष्ट्रनेता स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नगर के अटल परिसर स्थल पर किया गया। प्रतिमा का लोकार्पण मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय के द्वारा वर्चुवल माध्यम से किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक प्रेमचंद पटेल, पूर्व खाद्य आयोग के अध्यक्ष ज्योतिनंद दुबे, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष श्रीमती संगीता साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती संतोषी दीवान, वरिष्ठ पार्षद अरूणीश तिवारी, के द्वारा भी आम जनता को संबोधित किया गया। जनप्रतिनिधियों नें कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं राष्ट्रीय एकता को समर्पित रहा। उनका व्यक्तित्व सरलता, संवेदनशीलता एवं दृढ़ संकल्प का प्रतीक था। उनके विचार आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने वाजपेयी जी के योगदान, राष्ट्रीय एकता, विकासोन्मुखी सोच, सुदृढ़ विदेश नीति तथा लोकतंत्र को मजबूत करने पर प्रकाश डाला। प्रतिमा स्थापना से नगरवासियों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का अवसर मिलेगा।



### ढेलवाडीह में मनाई गई अटल की 101वीं जयंती

ग्राम पंचायत ढेलवाडीह में भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर अटल चौक में श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणजनों द्वारा अटल जी के विचारों और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को स्मरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान अटल चौक में प्रसाद मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत ढेलवाडीह सरपंच कौशल्या कंवर, जनपद सदस्य भागवत कुमार साहू, उपसरपंच मुकेश सिंह उसरवर्षा, ग्राम सचिव पवन कुमार, मनोज सोनी, राजेश गुप्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### बच्चों को शिक्षण समाग्री का वितरण कर मनाया गया सुशासन दिवस

पाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत भलपहरी में भारतरत्न भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती को सेवा सुशासन दिवस के रुप में भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी के मार्ग दर्शन में भाजपा जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा डॉ विजय राठौर के द्वारा ग्राम पंचायत भलपहरी में लगभग 100 बच्चों को शिक्षण समाग्री का वितरण किया गया। साथ ही जरूरतमंद 5 बच्चों को 12वीं तक की पढ़ाई कराने का जिम्मा लिया। डॉ विजय राठौर ने कहा कि अटल बिहारी केवल एक राजनेता नहीं बल्कि सुशासन, राष्ट्रनिष्ठा और संवेदनशील राजनीति की जीवंत मिसाल थे। सशक्त, समृद्ध और स्वावलंबी भारत का उनका सपना आज विकसित भारत के संकल्प में दिशा और ऊर्जा देता है। सत्ता हो या विपक्ष मर्यादा, संवाद और राष्ट्रहित उनके सार्वजनिक जीवन की पहचान रही। उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने 21वीं सदी के नए भारत की मजबूत नींव रखी। विचार, वाणी और व्यवहार तीनों में राष्ट्र प्रथम की भावना आज भी प्रेरणा देती है। अटल जी की विरासत भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं को सदैव आलोकित करती रहेगी।





### शाउमावि सिमगा में मना सुशासन दिवस

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिमगा विकासखण्ड-पोड़ीउपरोड़ा में गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के मध्य विविध कार्यक्रम एवं परिचर्चा आयोजित की गई। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य सतीश प्रकाश सिंह ने विद्यार्थियों को पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के जीवन के विभिन्न पहलुओं के बारें में बताते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र और समाज के हित में कार्य करने को प्रेरित किये।

## विधायक ने अटल डिजिटल सेवा केंद्र का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक प्रेमचंद पटेल व मंचस्थ अन्य अतिथि।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चुनाव के समय सभी गांव में बैंक खोले जाने का वादा किया गया था, जिसे पूरा किया जा रहा है। इसी कड़ी में सभी ब्लॉकों के 10-10 ग्राम पंचायत में अटल डिजिटल सेवा केंद्र का निर्माण कर कार्य प्रारंभ किया जा रहा है।

उक्त बातें कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने क्षमता विकास मद से निर्मित अटल डिजिटल सेवा केंद्र झाबर विकासखंड कटघोरा में उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से कहे। विधायक श्री पटेल ने कहा कि अटल डिजिटल सेवा केंद्र में मजदूर पैसा आसानी से निकाल सकते हैं धान खरीदी का एग्रिस्टेक का पंजीयन व टोकन किसान भाई कटवा सकते हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग ने कहा कि शासन की योजना जैसे पेंशन, महतारी वंदन योजना, जी राम जी योजना का पैसा ग्रामीण गांव में ही आसानी से किसी भी दिन निकाल सकते हैं। जाति ,निवास, आमदनी प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, ई-श्रम कार्ड, पैन कार्ड, श्रमिक कार्ड, पैसे निकासी, जमा ट्रांसफर, वोटर कार्ड नया/सुधार, पीएम विश्वकर्मा योजना, बी 1 नक्शा/खसरा, ऑन लाइन फॉर्म इत्यादि सुविधायें गांव के लोगों को गांव के अटल डिजिटल सेवा केंद्र में मिलेगा। सुशासन सप्ताह में आयोजित विकासखंड स्तरीय शिविरों में प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी व भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया एवं अटल डिजिटल सेवा केंद्र का फीता काटकर भवन का उद्घाटन किया गया।

भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के शताब्दी जयंती अवसर पर रामायण पाठ भी किया गया एवं सुंदरपाठ का गान नरेंद्र मानस मंडली ग्राम झाबर द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनपद सीईओ यशपाल सिंह, विधायक प्रतिनिधि नीलेश कुमार साहू, जनपद सदस्य बसंत कंवर, सरपंच झाबर राम सिंह कंवर, मंडल अध्यक्ष दीपका राजू प्रजापति, मंडल उपाध्यक्ष दीपका मुकेश जायसवाल, भाजपा नेता मन्नू साईं राठौर, सहायक विकास विस्तार अधिकारी आर के शिवालय, सरपंच बेलटिकरी श्रीमती गौरी कंवर, सरपंच बतारी राजू लाल श्रोते सहित अन्य उपस्थित थे।

## खेलो इंडिया अस्मिता जोनल किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना

**कोरबा।** केन्द्र सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के मार्गदर्शन में खेल एवं खिलाड़ियों के विकास के लिए खेलों इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत अलग अलग स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जा रहा है। छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के संस्थापक एवं कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरुद्वान ने कहा कि खेलो इंडिया मुहिम के तहत देश भर के 150 शहरों में अस्मिता किकबॉक्सिंग सिटी लीग का आयोजन वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के तत्वाधान में किया जा रहा है।

## डीएवी कुसमुंडा में वार्षिकोत्सव ताल-तरंग संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमुंडा



प्रतिभाशाली छात्रा को पुरस्कृत करते अतिथि।

डीएवी पब्लिक स्कूल एसईसीएल कुसमुंडा में वार्षिकोत्सव का रंगारंग आयोजन एस टी पाटिल मुख्य महाप्रबंधक एसईसीएल कुसमुंडा परियोजना एवं अध्यक्ष, स्थानीय प्रबंधकारणी समिति के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर श्रीमती उज्वला पाटिल अध्यक्षा ऊर्जा महिला समिति एसईसीएल कुसमुंडा विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यमान रहीं।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ का राज्य गीत अरपा पैरी के धार का भावपूर्ण प्रदर्शन संगीत शिक्षक शंकर टीकादार के कुशल मार्गदर्शन में प्रस्तुति दी गई। विद्यालय के ऊर्जावान प्राचार्य चन्द्र मोहन पाण्डेय ने विद्यालय के सतत विकास एवं उपलब्धियों का वार्षिक प्रतिवेदन का पाठन किया। मुख्य अतिथि श्री पाटिल ने विद्यालय के सतत प्रगति पर खुशी जाहिर करते हुए विद्यालय के विकास की कामना की। सतरंगी वार्षिक उत्सव ताल-तरंग के इस आयोजन में विविध विधाओं से संबंधित कार्यक्रमों जैसे नन्हें दिलो की फरियाद, एनिमल वगांजा, दक्षिण के रंग, शिव ताडंव, भजन-भजनावली, महाराणा की शौर्य गाथा, जेन्ट्स पार्लर (मूकनाट्य), भारत की विरासत की रंगारंग प्रस्तुति हुई। इन कार्यक्रमों में सर्वाधिक आकर्षक छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य पाण्डवानी रही। शैक्षिक गतिविधियों की विशिष्ट उपलब्धियों के लिए दसवीं एवं बारहवीं में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों के साथ ही खेलो इण्डिया, शत-प्रतिशत उपस्थिति एवं प्रोफेशनल कोर्सेस पर चयनित विद्यार्थियों में कु. अर्पिता राठौर एवं प्रियांशु साहु को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर देवव्रत गुप्ता, श्रीमती सविता पांडेय, श्रीमती रश्मि रंजन सिंह, श्रीमती मंजू सिंह, श्रीमती कहकशां परवीन, श्रीमती राज रेखा शुक्ला, हेमंतो मुखर्जी, टी प्रभाकर राव, सुनील श्रीवास्तव, टीकेश्वर राठौर सहित अन्य उपस्थित थे।

## पोड़ीबहार में मनाई गई बाबा की जयंती



**कोरबा।** पोडीबहार में गुरु घासीदास जयंती गुरु पर्व धूमधाम से मनाया गया। उक्त आयोजन सतनामी समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुरेश धारी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। तत्पश्चाप सभी आगंतुक संत समाज को सतनाम प्रसादी भोजन हिमांशु धारी के द्वारा कराया गया। इस बीच सतनामी समाज के क्षेत्र के समस्त वरिष्ठ पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक सहित सर्व समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में गुरुगद्दी जोड़ा जैतखाम का पूजा अर्चना वरिष्ठजनों द्वारा किया गया। तत्पश्चात सत्य के प्रति श्वेत ध्वज को सूरेश धारी के कर कमल से चढ़ाया गया। उक्त कार्यक्रम में विशेष रूप से अखिल भारतीय सतनामी युवा कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनीराम जांगड़े, सूरज दिवाकर, नरेंद्र भारद्वाज, कैलाश यादव, विशाल राम, बीएल निराला, राम बंजारे, भुवनेश्वर दिव्या, श्रीमती राजकुमारी दिवाकर सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित थे।

### पृष्ठ 1 का शेष

#### हरदीबाजार के...

अन्य सालों की अपेक्षा अच्छी खासी भीड़ उमड़ी थी। प्रतिदिन बड़े पैमाने पर शाम होते ही क्षेत्र के लोग मेला का आनंद उठाने पहुंच हुए थे। जहां मेले को लेकर पुलिस की चाकचौबंद व्यवस्था की गई थी, तो वहीं दूसरी ओर मेला के दौरान आबकारी विभाग ने जमकर शराब बेचकर मालामाल हुआ है। बताया जाता है अमूमन आम दिनों में हरदीबाजार के देसी विदेशी शराब दुकानों में एक दिन में दो से ढाई लाख रुपए की शराब की बिक्री होती है, लेकिन सूत्र बताते हैं कि इस साल मड़ाई मेला के दौरान प्रतिदिन देसी और विदेशी शराब दुकानों में प्रतिदिन 8 से 9 लाख रुपए प्रतिदिन की बिक्री हो रही थी। इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि मड़ाई मेले के दौरान अच्छी खासी भीड़ उमर रही थी और आबकारी विभाग के शराब दुकानों में भी अच्छी खासी भीड़ होने की वजह से लाखों का कारोबार हो रहा था। पिछले 5 दिनों में आबकारी विभाग की टीम ने हरदीबाजार के देसी विदेशी शराब दुकान से अच्छा खासा राजस्व प्राप्त किया है।

#### डीएमएफ से...

निर्णय लिया गया। इन सड़कों के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को कार्य एजेंसी बनाते हुए इसके लिए राशि भी जारी कर दी गई है। विभाग के द्वारा 22 प्रमुख सड़कों का निर्माण पहले किए जाने का निर्णय लिया गया है। ये ऐसी सड़कें हैं जो अधिक से अधिक गांव से होकर गुजरती हैं और आवागमन इन सड़कों में ज्यादा होता है।

**न्यायालयः-(डॉली ध्रुव) द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**आम ईश्तहार / नोटिस**

प्रोसेस क 388/2025 प्र.क्र. 29/2025
पेशी तारीख 19.01.2026

श्रीमती अंजुला गर्ग ............आवेदक/वादी
बनाम
आम जनता वगैरह ............अनावेदक/प्रतिवादी

उपरोक्त वादी/आवेदक श्रीमती अंजुला गर्ग ने उत्तरवादी / प्रतिवादी आम जनता वगैरह के विरूद्ध उत्तराधिकार अधिनियम 372 के वास्ते न्यायालय श्रीमान द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.) में आवेदन प्रस्तुत किया गया है और उक्त आवेदन पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक 19.01.2026 तिथि नियत है।

अतः उत्तरवादी आम जनता (जिसका इससे कोई संबंध हो) को उक्त प्रकरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 19.01.2026 को दिन 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना जवाबदावा इस न्यायालय में पेश करें, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए की जाएगी। नोटः- अगर उक्त पेशी दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 17.12.25 को न्यायालय में मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**(डॉली ध्रुव)**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप



### तुलसी पूजन दिवस पर योग वेदांत समिति ने किया आयोजन

**कोरबा।** विष्णुप्रिया, विश्वरूपा, वृंदा सहित दस नाम से पहचान जाने वाली तुलसी की विशेष पूजा आज तुलसी पूजन दिवस पर की गई। योग वेदांत समिति ने आयोजन को किया। ट्रांसपोर्ट नगर प्रेस कंपलेक्स में योग वेदांत समिति के आव्हान पर काफी संख्या में लोग इकट्ठे हुए। समिति ने तुलसी पूजन करने के साथ काफी संख्या में तुलसी के पौधों का वितरण लोगों को किया। तुलसी के धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। नकारात्मक शक्तियों से निपटने के अलावा विभिन्न प्रकार की बीमारियों में तुलसी की उपयोगिता को लोगों ने गंभीरता से जाना। संत आसाराम के अनुयायियों ने तुलसी पूजन के बाद यहां से एक शोभायात्रा निकाली इसमें मुख्य फोकस तुलसी की गुणधर्मिता और उसे व्यवहारिक जीवन में अपनाने पर था। योग वेदांत सेवा समिति के पदाधिकारी और सदस्यों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

### भूविस्थापित का गेवरा खदान बंदी व कार्यालय घेराव आज

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा खदान से प्रभावित ग्राम पोड़ी बाहनपाठ एवं अमगांव के भूविस्थापितों ने वैकल्पिक रोजगार सहित मुआवजा की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। भूविस्थापितों ने गेवरा प्रबंधन को समस्याओं के समाधान नहीं होने पर 26 दिसंबर को गेवरा खदानबंदी और कार्यालय घेराव की चेतावनी दी है। ग्राम पोंडी के भूविस्थापित मनोज राठौर ने कहा कि नरईबोध, भठोरा, भिलाईबाजार, रलिया, पोंडी, बाहनपाठ एवं अमगांव का अधिसूचना प्रकाशन धारा 9 सभी ग्रामों का एक समान है। नरईबोध, भठोरा, भिलाई बाजार एवं रलिया के भूविस्थापितों को कंपनी सेक्रेटरी के स्वीकृत मिनट्स 326वां निदेशक बोर्ड मीटिंग के पत्र क्र. 2310 दिनांक 8 अगस्त 2022 के अनुसार बढ़ी हुई मुआवजा राशि का भुगतान किया गया है। जबकि पोंडी, बाहनपाठ एवं अमगांव के भूविस्थापितों को उक्त मिनट्स के अनुसार बढ़ी हुई मुआवजा राशि के भुगतान से वंचित किया गया है। एसईसीएल ने विस्थापितों को कहा था कि छोटे खातेदार जिनके परिवार को स्थाई रोजगार नहीं मिल रहा है, उन्हें खदान में होने वाले वैकल्पिक कार्यों में रोजगार प्रदान किया जाएगा। लेकिन उनके गांव के अधिग्रहण के 14 वर्ष बाद भी प्रबंधन ने रोजगार देने का वायदा पूरा नहीं किया है।

### जातिगत गाली गलौज देने से मना किया तो आरोपी ने कर दिया जानलेवा हमला

**कोरबा।** सिविल लाईन थाना अंतर्गत स्थित बैगिनडभार बस्ती में एक व्यक्ति द्वारा जातिगत गालीगलौच किये जाने से मना



करने पर आरोपी ने उस पर डडा से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। उसके सिर व आंख में गंभीर चोटें आई है। पीड़ित ने इसकी सिविल लाईन थाने में की गई, लेकिन पुलिस द्वारा न तो रिपोर्ट लिखी गई और न ही हमलावर को गिरफ्तार किया है। जिससे पीड़ित व्यक्ति का पूरा परिवार दहशत में है। पीड़ित की पत्नी लक्ष्मी देवी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत की है कि 21 दिसंबर की रात्रि 10 बजे राजू घर के सामने अलाव ताप रहा था। तभी राम प्रसाद लालू नामक दो व्यक्ति वहां पहुंचे और उसके पति से बातचीत करने लगे उसी समय बब्बू पिता रविन्द्र भी वहां पहुंचा और उसके पति को गंदी गंदी तथा जातिगत गाली देने लगा पति द्वारा मना किए जाने पर बब्बू आक्रोशित हो और डंडे से जानलेवा हमला कर लहुलुहान करर दिया। आंख व सिर से खून बहने लगा। इस दौरान लालू उसके पति का पीछे पकड़ा रहा बब्बू के हमले में घायल राजू को सिविल लाईन थाने ले जाएगा गया। पीड़िता ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में की है।

# क्रिसमस पर गिरिजाघरों में हुई विशेष प्रार्थना, की गई सुख शांति की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

क्रिसमस पर्व को लेकर जिले भर के तमाम गिरजाघरों में उत्सव का माहौल रहा। बुधवार की रात्रि के समय जैसे ही घड़ी का कांटा 12 में पहंचा पादरियों ने प्रभु आगमन का संदेशा दिया। प्रभु यीशु का चरनी में दर्शाए गए प्रतीकात्मक जन्म की झांकी का दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। कैरोल व प्रार्थना गीत के साथ प्रभु के आगमन के संदेश से गिरजाघर गूंज उठे। दूसरे दिन गुरुवार को गिरिजाघरों में क्रिसमस के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई। चर्च के पादरियों के द्वारा प्रभु यीशु के संदेश को सुनाया गया।

गिरजाघर के पादरियों द्वारा प्रभु आगमन के संदेश को सुनाकर सबको यह आल्हादित किया कि चिंता न करो तुम्हारा प्रभु तुम्हारी संबलता बढ़ाने के लिए नई उमंग व विश्वास के साथ तुम्हारे साथ है। जगमगाते क्रिसमस ट्री व खास कर घांस से निर्मित चरनी में ख्रीष्ट के जन्म की प्रस्तुति लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। नये परिधान के साथ बुजुर्ग युवा महिला पुरूष सभी खुशियां मनाने के लिए शामिल हुए। शहर के प्रमुख चर्च नासरत मेनोनाईट, मिशन रोड चर्च, निर्मला स्कूल सहित तमाम प्रमुख गिरजा घरों में गुरुवार को सुबह 9 बजे से मसीही समाज के सदस्य विशेष प्रार्थना सभा के लिए पहुंचे हुए थे। जहां चर्च के पास्टर के द्वारा संसार के कल्याण के अवतरित प्रभु के आगमन पर बायबल के संदेशो को पढ़कर सुनाया गया। इस दौरान मोमबत्ती प्रज्जवलित कर प्रकाशित पर्व के रूप में प्रभु के संदेश को आत्मसात किया गया। प्रार्थना के माध्यम से सुख शांति व अमन की कामना की गई है। गड़रिया दल के साथ मसीहियों ने कैरोल सांग के माध्यम से प्रभु यीशु का संदेश दिया। गिरिजा घरों में सांताक्लाज वेश धरे मसीही बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहे। गिरजाघरों के अलावा घरों में भी केक के अलावा मिठाईयां बांट कर खुशियों का इजहार किया गया। शहर के अलावा जिले के उपनगरीय क्षेत्रों में कटघोरा, जमनीपाली, कुसमुंडा, गेवरा, बांकी मोंगरा, पाली, करतला, बालको आदि स्थानों में स्थिति गिरजा घरों में क्रिसमस पर्व की धूम रही।

### प्रार्थना गीतों से गूंज उठे थे गिरजाघर

**खास बातें**

- शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के चर्च में दिन भर रही चहल पहल



## कटघोरा नगर पालिका नहीं दे रहा ध्यान

# चौपाटी बनी मवेशियों का अड्डा, गंदगी और बदबू के बीच आनंद लेने को मजबूर लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा नगर में नगर पालिका द्वारा आम नागरिकों के मनोरंजन और सुव्यवस्थित ठेला–खुमचियों की व्यवस्था के उद्देश्य से बनाई गई चौपाटी आज खुद अव्यवस्था और गंदगी का शिकार हो गई है। तहसील भाटा, वार्ड क्रमांक 2 में पुष्पवाटिका के बाहर प्रांगण में नव निर्मित इस चौपाटी की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है।

नगर पालिका ने शहर के चौक-चौराहों और बस स्टैंड जैसे व्यस्त क्षेत्रों में अव्यवस्थित रूप से लगने वाले ठेला और खुमचियों को एक स्थान पर व्यवस्थित करने के लिए चौपाटी का निर्माण तो कराया, लेकिन इसके रखरखाव और स्वच्छता पर कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई। चौपाटी में संचालित फास्ट फूड दुकानदारों द्वारा खाने-पीने का कचरा इधर-उधर फेंक दिया जाता है, जिससे पूरे क्षेत्र में गंदगी फैल रही है। रात्रि के समय सड़क पर



इस तरह मवेशियों का लगता है जमावड़ा।

विचरण करने वाले मवेशी कचरे की वजह से चौपाटी की ओर आकर्षित हो जाते हैं चूंकि चौपाटी में तीनों साइड से राश्ता खुला होने की वजह से मवेशी यहां पहुंचकर चौपाटी में खान पान कर रहे नागरिकों के जलपान में मुह मारते हैं व कचरा फैलाते हैं और गंदगी कर ठेलो के सामने बैठ जाते हैं परिणाम स्वरूप चौपाटी परिसर में बदबू और अस्वच्छता का माहौल बन गया है। इस स्थिति के कारण परिवारों, महिलाओं और बच्चों को यहां आकर समय बिताने में असहजता महसूस हो रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका के कर्मचारी सफाई व्यवस्था को लेकर कोई खास रुचि नहीं दिखा रहे हैं। नियमित सफाई न होने से चौपाटी का उद्देश्य ही समाप्त होता नजर आ रहा है। वहीं अधिकांश दुकानदारों के द्वारा भी कचरा एक निर्धारित स्थान पर डालने या डस्टबिन की व्यवस्था नहीं की गई है। हालांकि अब कुछ दुकानदारों और स्थानीय लोगों की ओर से यह मांग उठाई जा रही है कि चौपाटी में कचरा प्रबंधन की ठोस योजना बनाई जाए, नियमित सफाई कराई जाए और मवेशियों के प्रवेश को रोका जाए, ताकि यह स्थान फिर से साफ-सुथरा बने और नगरवासियों के लिए एक पसंदीदा व सुरक्षित स्थान के रूप में विकसित हो सके। नगर पालिका यदि समय रहते ध्यान दे और जिम्मेदारी निभाए, तो चौपाटी न केवल स्वच्छ बन सकती है, बल्कि कटघोरा नगर की पहचान का एक बेहतर केंद्र भी बन सकती है।

# नपा अध्यक्ष ने हितग्राहियों को बांटे राशन कार्ड



**बांकीमोंगरा।** नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में जनहितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन की दिशा में एक और कदम बढ़ाया गया है। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा के हाथों क्षेत्र के पात्र परिवारों को गरीबी रेखा राशन कार्ड का वितरण किया गया। कार्ड पाकर हितग्राहियों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। वहीं पालिका अध्यक्ष श्रीमती झा ने आश्वासन दिया कि नगर पालिका क्षेत्र के हर पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के मिलेगा। इस दौरान कार्ड प्राप्त करने वाले वृद्धजनों और महिलाओं ने इस पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें राशन प्राप्त करने में सुगमता होगी। वितरण कार्यक्रम के दौरान श्रीमती सोनी विकास झा ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को भी शासन की कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिले। राशन कार्ड केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि गरीब परिवारों के खाद्य सुरक्षा की गारंटी है। नगर पालिका प्रशासन सभी पात्र लोगों के फॉर्म्स का त्वरित निराकरण करने हेतु प्रतिबद्ध है।

# निगम के दर्री जोन के 8 वार्डों को मिली 2 करोड़ 42 लाख के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम के दर्री जोन के 8 वार्डों को गुरूवार को 2 करोड़ 42 लाख रूपये के नये विकास कार्यों की सौगात मिली है। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर की

**खास बात**

- उद्योग मंत्री के मुख्य आतिथ्य व महापौर की अध्यक्षता में हुआ भूमिपुजन

अध्यक्षता में पृथक-पृथक स्थानों में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रमों के दौरान इन सभी विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। उद्योग मंत्री ने विकास कार्यों का भूमिपूजन करते हुए शीघ्र कार्य प्रारंभ करने तथा पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य कर समयसीमा में इन कार्यों को पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

नगर निगम द्वारा वार्ड क्र. 48 अंतर्गत इतवारी बाजार में 19 लाख 8 हजार रूपये की लागत से नॉनवेजीटेबल मार्केट का उन्नयन कार्य, वार्ड क्र. 48 अंतर्गत स्वामी आत्मानंद स्कूल दर्री में 20 लाख रूपये की लागत से अहाता निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 48 अंतर्गत (कलमीडुग्गू धनवारपारा) में 5 लाख रूपये की



भूमिपूजन करते उद्योग मंत्री एवं अन्य।

लागत से आरसीसी छत एवं टाईल्स निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 48 अंतर्गत दर्री कन्वेयर बेल्ट के नीचे मछली मार्केट में 5 लाख रूपये की लागत से शेड निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 49 अंतर्गत राजीवनगर में रामनारायण घर से लीला नायक घर तक गौरा चैरा से दुर्गा पण्डाल तक एवं अरखित साहू घर से आरडी सिंह घर तक 15 लाख रूपये की लागत से आरसीसी रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 51 अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल स्याहीमुड़ी में 20 लाख रूपये की लागत से अहाता निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 46 अयोध्यापुरी तालाब में जल संवर्धन के लिए 25 लाख रूपये की लागत से पचरी निर्माण, सीसी रोड गहरीकरण इत्यादि निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 52 अंतर्गत प्राथमिक शाला अयोध्यापुरी में 16 लाख 95 हजार रूपये की लागत से नवीन भवन का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 48 अंतर्गत दर्री कन्वेयर बेल्ट के नीचे मछली मार्केट में 10 लाख रूपये की लागत से शेड निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 47 अंतर्गत लारीपारा में स्कूल के पास से मुक्तिधाम तक एवं वार्ड क्र. 51 अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल स्याहीमुड़ी में 10 लाख रूपये की लागत से अहाता निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 47 जमनीपाली में कबीर सदन के पास 10 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 54 प्रा.शा. जमनीपाली में 10 लाख रूपये की लागत से अहाता निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 54 अंतर्गत जमनीपाली कैलाश बीज भण्डार से सुराजी दास घर तक 20 लाख रूपये की लागत से नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 54 अंतर्गत गोपालपुर में 16 लाख 95 हजार रूपये की लागत से नवीन भवन का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 54 कुमगरी में विभिन्न स्थानों में 20 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 54 बरेड़ीमुड़ा कुमगरी में सेमीपाली बी.टी. रोड में 19 लाख रूपये की लागत से कलवर्ट एवं नाली निर्माण कार्य कराया जाना हैं।

# छात्रों और ग्रामीणों को बारिश में नहीं होगी परेशानी पितनी नदी में बनेगा 2 करोड़ की लागत से पुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

विकासखंड पाली व कटघोरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उतरदा में पितनी नदी जो रामपुर, धौराभांठा, अंडीकछार, चोढ़ा के ग्रामीणों का आवागमन जो पाली जनपद

**खास बात**

- विधायक ने पुल निर्माण को बताई थी अपनी पहली प्राथमिकता

मुख्यालय को जोड़ती है। बारिश के दिनों में यह नदी उफान पर रहती है, जिसे पार करना आसान नहीं होता। नदी की धारा कम होने पर उतरदा में अध्यनरत बच्चे कमर भर पानी, बस्ता को सिर पर रखकर पार करने को मजबूर थे, भींगे ड्रेस से विघालय पहुंचना पढ़ाई कर और पुनः भींगते हुए नदी पार करना बच्चों के बुलंद हौसले को इंगित करता है। इस गंभीर समस्या को अखबार में प्रत्येक वर्ष प्रमुखता से प्रकाशित किया जाता रहा। पिछले वर्ष इस कार्य के लिए राशि भी मिल गई लेकिन मामला मंत्रालय में विभागीय अड़चन की वजह से फाइल रुकी रही।

वही कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने अपने चुनाव जितने के बाद नदी पर पुल बनवाने को प्राथमिकता में शामिल किया और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से



भूमिपूजन करते अतिथि।

इस समस्या और मांग को प्रमुखता से रखा। जिसका बुधवार को पूरे विधि विधान से भूमिपूजन किया गया। निर्माण कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा किया जाएगा। जिसकी लागत राशि 2 करोड़ 25 लाख से बनने वाले रोड एवं पुल निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर शुभारंभ किया गया। यह बहुप्रतीक्षित परियोजना उतरदा पहुंच मार्ग से आगे रामपुर–पाली को जोड़ने का कार्य करेगी, जो लंबे समय से लंबित थी। इस अवसर पर विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि इस महत्वपूर्ण सड़क एवं पुल के निर्माण से क्षेत्र के नागरिकों को वर्षभर सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियों से स्थायी राहत मिलेगी तथा ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों एवं व्यापारियों को विशेष लाभ होगा। साथ ही क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को भी नई गति मिलेगी। यह कार्य क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग थी, जो अब पूर्ण होने की दिशा में आगे बढ़ी है। निर्माण कार्य के पूर्ण होते ही उतरदा, रामपुर एवं पाली क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। क्षेत्र के समग्र विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता निरंतर बनी रहेगी और जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल, पाली जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि शोभा सिंह जगत, उतरदा सरपंच लक्ष्मी सुंदर सिंह मरावी, रामपुर सरपंच हेतराम नेटी, उतरदा उपसरंपच राकेश जायसवाल, संतोष सिंह मरावी सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, विभाग के अधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## मासिक सुरक्षा संकल्प के चार वर्ष हुए पूरे

# बालको ने सुरक्षा को बनाया कार्य संस्कृति का आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको ने अपनी मासिक सुरक्षा पहल सुरक्षा संकल्प के चार वर्ष पूरे कर लिए हैं। यह उपलब्धि कार्यस्थल सुरक्षा और जोखिम प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने की दिशा में बालको की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। शुरुआत से ही यह सुरक्षा सुदृढ़ीकरण, सक्रिय सहभागिता और सतत सुधार के लिए एक प्रभावी मंच के रूप में स्थापित हुई है, जो सुरक्षा प्रबंधन के प्रति बालको के प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

दिसंबर 2021 में शुरू की गई सुरक्षा संकल्प सुरक्षा को किसी स्वतंत्र गतिविधि के बजाय मूल प्रचालन अनुशासन के रूप में स्थापित है। प्रत्येक माह की पहली तारीख



कार्यक्रम में उपस्थित बालको के अधिकारी।

को आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम काउंसलिंग, खतरा आकलन, रियल-टाइम फीडबैक और सुधारात्मक कार्यों की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करता है। बीते चार वर्षों में इस पहल ने कर्मचारियों और व्यावसायिक साझेदार के बीच नियमों के पालन, जोखिम के प्रति जागरूकता और जवाबदेही को उल्लेखनीय रूप से मजबूत किया है। इसके 48वें सत्र में 15 सौ से अधिक कर्मचारियों और व्यावसायिक साझेदार की भागीदारी रही, जो इसकी व्यापक सहभागिता को दर्शाती है। हर माह एक विशेष सुरक्षा विषय पर केंद्रित सत्रों के माध्यम से सार्थक चर्चाएं, ऑडिट और सुधारात्मक कदम संभव हुए हैं, जिससे संगठन में साझा जिम्मेदारी और मजबूत सुरक्षा संस्कृति विकसित हुई है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि बालको में सुरक्षा हमारी जीरो हार्म सोच पर आधारित एक निरंतर प्रतिबद्धता है। सुरक्षा संकल्प ने हमें अपने प्रचालन में सुरक्षा से जुड़े व्यवहारों को नियमित रूप से परखने और सुधारने की क्षमता को सुदृढ़ करने में मदद की है। हम केवल नियमों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कर्मचारियों में जागरूकता, जिम्मेदारी और सही मानसिकता विकसित करने पर जोर देते हैं। नियमित संवाद और तकनीक-सक्षम निगरानी के माध्यम से हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सुरक्षा हमारी दैनिक कार्यप्रणाली का अभिन्न हिस्सा बनी रहे। सुरक्षा संकल्प कार्यक्रम के तहत सड़क एवं यातायात सुरक्षा, संकुचित स्थानों का सुरक्षित प्रबंधन, स्वास्थ्य जागरूकता और व्यवहार आधारित सुरक्षा जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों को कवर किया जाता है। मासिक थीम के अंतर्गत 3 हजार से अधिक संकुचित स्थानों का विशेष ऑडिट कर संभावित जोखिमों की पहचान की गई और उन पर त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई की गई।

*__कोरबा।__ प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज द्वारा 18 दिसंबर को सतरेंगा में वनभोज कार्यक्रम आयोजित किया। इस आयोजन में सभी सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही। सभी ने साथ मिलकर वनभोज, बोटिंग, गेम और सुंदर स्थल का आनंद लिया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष भारती शर्मा, वंदना तिवारी, रश्मि शर्मा और निशा के मार्गदर्शन में सभी कार्यक्रम किए गए। इस अवसर पर शजिंता शुक्ला सहित अन्य उपस्थित थे।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780